RNI NO. - CHHHIN/2011/38292

13 वर्ष निर्भीक पत्रकारिता के

अब 14 वें वर्ष की ओर

पाठकों/दर्शकों का असीम स्नेह





Bharatsamman.com Bharat samman Bharat Samman

हो जाओ सावधान

वर्ष-14 अंक-14 अम्बिकापुर, सोमवार, 22 अप्रैल 2024 कुल पृष्ठ-4 मूल्य-1.00 रू.

# लोकसभा चुनाव 2024 में हुई पाकिस्तान की 'एंट्री', अमित शाह बोले- इंडी गठबंधन अगर सत्ता में आई तो...

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव 2024 में पहला चरण खत्म होने के साथ ही पाकिस्तान की एंट्री हो गई है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कटिहार में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए पाकिस्तान का जिक्र किया। इस दौरान उन्होंने मोदी सरकार के विकास के कामों का लेखा-जोखा पेश करते हुए विरोधियों पर परिवारवाद को लेकर जमकर निशाना साधा। अमित शाह ने एनडीए समर्थित जदयू प्रत्याशी दुलारचंद गोस्वामी के समर्थन में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को सुरक्षित किया। नक्सलवाद को समाप्त किया तो आतंकवाद पर नकेल कसी।




### पाकिस्तान के बहाने कांग्रेस पर निशाना

अमित शाह ने कहा, 'मोदी ने नक्सलवाद का सफाया कर दिया और आतंकवाद पर लगाम लगाई। जब कांग्रेस सत्ता में थी तो आतंकवादी मनमर्जी से हमले करते थे और कोई जवाबी कार्रवाई करने की हिम्मत नहीं जुटा पाता था। इसके विपरीत उरी और पुलवामा में हमलों के तुरंत बाद सर्जिकल स्ट्राइक और बालाकोट हवाई हमले किए गए। हमारे सुरक्षाकर्मियों ने पाकिस्तान की सीमा में प्रवेश कर आतंकवादियों को घर में घुसकर मारा।'

### दंगे अपराध और अत्याचार

उन्होंने कहा कि अगर 'इंडी' गठबन्धन वाले आएंगे तो दंगे, अपराध और अत्याचार बढ़ जाएंगे जबकि मोदी जी और नीतीश जी की सरकार रही तो बिहार विकसित होगा। उन्होंने आगे कहा कि देश की जनता को तय करना है कि देश का पीएम कौन होगा। पूरे देश में घूमकर आया हूं। जहां-जहां जाते हैं मोदी- मोदी के नारे लगते हैं। मोदी जी ने इस देश से परिवारवाद, तुष्टिकरण को समाप्त करने का काम किया तथा प्रत्येक व्यक्ति का विकास करने का काम किया।

### लालू-राबड़ी शासन की दिलाई याद

अमित शाह ने लोगों को 'जंगलराज' की याद दिलाते हुए कहा कि आप लोगों को लालू-राबड़ी का शासन याद है न, जब पिछड़ा, दलित, गरीब सबके साथ अत्याचार होता था। देश में पीएम मोदी और बिहार में नीतीश कुमार के आने के बाद गरीबों पर अत्याचार बंद हुआ। उन्होंने कहा कि भाजपा ने देश को पहला ओबीसी वर्ग का प्रधानमंत्री दिया। मोदी जी ने अपने कैबिनेट में 35 फीसदी पिछड़ा-अति पिछड़ा सांसदों को जगह दी। जम्मू कश्मीर में धारा 370 हटाने की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि लालू यादव और कांग्रेस ने 70 साल तक इसे छिपा कर रखा था, मोदी जी ने इसे समाप्त किया। इस सरकार ने उरी और पुलवामा हमले के बाद 10 दिन के अंदर पाकिस्तान के घर में घुसकर आतंकवाद खत्म करने का काम किया। लालू यादव बिहार को फिर से लालटेन युग में ले जाना चाहते हैं और फिर से ओबीसी पर अत्याचार करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने देश को ही विकसित नहीं किया बिहार को भी विकसित किया। उन्होंने आंकड़ों के जरिये बताया कि यूपीए गठबंधन की सरकार से ज्यादा इस सरकार ने बिहार के विकास के लिए धनराशि दी। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में 26 अप्रैल को कटिहार के मतदाता वोट करेंगे। यहां मुख्य मुकाबला जदयू के दुलारचंद गोस्वामी और कांग्रेस के तारिक अनवर के बीच माना जा रहा है।

## 12 राज्यों में हीटवेव की चेतावनी, 11 राज्यों में होगी बारिश, आईएमडी ने जारी किया अलर्ट

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल समेत देश के 12 राज्यों में भीषण गर्मी पड़ रही है। मौसम विभाग ने यहां अगले 4 दिनों तक हीटवेव का अलर्ट जारी किया है। अरुणाचल प्रदेश से झारखंड तक 11 राज्यों में बारिश की चेतावनी दी गई है। मौसम एजेंसी स्कायमेट के अनुसार, पिछले 24 घंटों के दौरान, पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में हल्की से मध्यम बारिश और बर्फबारी हुई। सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश समेत कई पूर्वोत्तर राज्यों में हल्की बारिश और बर्फबारी हुई। पंजाब में कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश और गरज के साथ बौछारें पड़ीं। पश्चिमी राजस्थान, उत्तर प्रदेश, केरल, तेलंगाना, मराठवाड़ा और पश्चिमी मध्य प्रदेश में एक या दो स्थानों पर हल्की बारिश हुई। गंगीय पश्चिम बंगाल के कई हिस्सों, ओडिशा, तेलंगाना और दक्षिण छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों में लू चली। आईएमडी के अनुसार, 21 अप्रैल से 24 अप्रैल के बीच पश्चिम बंगाल, ओडिशा, झारखंड और बिहार में लू चलने की संभावना है। तटीय आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, पुडुचेरी और केरल में भी भीषण गर्मी पड़ने की संभावना है। आज मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश के कई शहरों में तापमान 40 डिग्री पार पहुंचेगा। हालांकि पूर्वोत्तर भारत के कई राज्यों में बारिश का दौर जारी है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने शनिवार को 21 अप्रैल से 24 अप्रैल के बीच अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम, पश्चिम बंगाल, सिक्किम, ओडिशा, झारखंड और त्रिपुरा में तूफान, बिजली और तेज हवाओं के साथ भारी बारिश और बर्फबारी के अलर्ट जारी किया है।

## सीएए पर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से भिड़ गई मुख्यमंत्री ममता बनर्जी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के सियासी समर में अब रक्षामंत्री और मुख्यमंत्री के बीच जंग छिड़ गई है। रक्षामंत्री ने सीएए कानून को हर हाल में लागू करने ऐलान किया है तो वहीं मुख्यमंत्री ने पलटवार करते हुए इसे लागू नहीं होने देने का ऐलान किया है

पश्चिम बंगाल में चल रहे सियासी समर में अब सीएए पर संग्राम छिड़ गया है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के बीच जुबानी घमासान हो रहा है। रक्षामंत्री ने पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद के जलांगी इलाके में रैली करते हुए कहा कि सीएए उन लोगों को नागरिकता देने के लिए है जिन्होंने धार्मिक कारणों से पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान जैसे देशों को छोड़ दिया है। ममता बनर्जी और उनकी पार्टी इसका विरोध कर सकती है लेकिन सीएए किसी भी कीमत पर लागू किया



जाएगा।÷ यह नेताजी सुभाष चंद्र बोस और चैतन्य महाप्रभु की भूमि है। यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है कि पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ दल धार्मिक तनाव को बढ़ावा दे रहा है।

### पश्चिम बंगाल में अराजकता है।

वहीं उत्तर बंगाल के पड़ोसी बालुरघाट इलाके में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पलटवार करते हुए कहा कि वह देश में सीएए लागू नहीं होने देंगी। उन्होंने कहा कि ÷भाजपा सीएए और एनआरसी को चुनौती देने के मेरे अधिकार पर सवाल उठा रहे हैं। वे कौन होते हैं मुझसे सवाल करने वाले? जब मैंने कहा कि हम सीएए और एनआरसी को लागू नहीं होने देंगे तो मेरा मतलब यही है। उन्होंने असम में एनआरसी लागू करने की कोशिश की, तृणमूल कांग्रेस इसका विरोध करने वाली एकमात्र राजनीतिक पार्टी थी। ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि भाजपा ने पिछले 10 वर्षों के दौरान केवल देश की संपत्तियों को बेचने पर ध्यान केंद्रित किया है। आपने देश की संपत्ति बेच दी है। आपने देश का इतिहास बदल दिया है। क्या आपने कोई अच्छा काम किया है? आपने मनरेगा के तहत 100 दिन की नौकरी के लिए केंद्र से मिलने वाला पैसा भी रोक दिया।

## बाबा रामदेव को सुप्रीम कोर्ट से फिर झटका, योग शिविर के लिए चुकाना होगा सर्विस टैक्स

**नईदिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट से बाबा रामदेव की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। अब कोर्ट ने उनके योग शिविरों को सर्विस टैक्स देने को कहा है।कोर्ट ने सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क और सेवा कर अपीलीय न्यायाधिकरण (सीईएसटीएसटी) के उस फैसले को बरकरार रखा है, जिसमें पतंजलि योगपीठ ट्रस्ट को योग शिविरों के आयोजन के लिए प्रवेश शुल्क लेने के लिए सर्विस टैक्स का भुगतान करने के लिए उत्तरदायी ठहराया था।

दरअसल, सीईएसटीएसटी की इलाहाबाद पीठ ने 5 अक्टूबर, 2023 को आदेश में कहा था कि पतंजलि योगपीठ ट्रस्ट की ओर से आयोजित योग शिविर किसी भी व्यक्ति से भागीदारी के लिए शुल्क लेता है, इसलिए ट्रस्ट द्वारा आयोजित योग शिविर सर्विस टैक्स के दायरे में आने चाहिए।पीठ ने कहा था कि ट्रस्ट शिविरों में योग प्रशिक्षण के लिए दान के रूप में राशि लेता है, लेकिन असल में यह सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रवेश शुल्क होता है।



सीईएसटीएसटी ने कहा था, इन शिविरों में योग और मेडिटेशन की शिक्षा किसी एक व्यक्ति को नहीं, बल्कि पूरे समूह को एक साथ दी जाती है। ट्रस्ट ने शिविर में प्रवेश शुल्क दान के रूप में एकत्र किया। उन्होंने विभिन्न मूल्यवर्ग के प्रवेश टिकट जारी किए और टिकट के मूल्य के आधार पर अलग-अलग विशेषाधिकार दिए गए थे। ट्रस्ट जो शुल्क लेता है, वो स्वास्थ्य और फिटनेस सेवा की श्रेणी में आता है, जिस पर सर्विस टैक्स लगता है।

सीईएसटीएसटी के फैसले के खिलाफ पतंजलि ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। कोर्ट में जस्टिस अभय एस ओक और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने पतंजलि की अपील को खारिज कर दिया।पीठ ने फैसले में कहा कि सीईएसटीएसटी ने सही कहा है कि शुल्क के लिए शिविरों में योग एक सेवा है, हमें उस आदेश में हस्तक्षेप करने का कोई कारण नहीं दिखता, इसलिए अपील खारिज की जाती है।

सीमा शुल्क और केंद्रीय उत्पाद शुल्क मेरठ रेंज के आयुक्त ने पतंजलि योगपीठ ट्रस्ट से अक्टूबर, 2006 से मार्च, 2011 के दौरान लगाए गए ऐसे शिविरों के लिए लगभग 4.5 करोड़ रुपये अदा करने को कहा था। इसमें जुर्माना और ब्याज भी शामिल है।ट्रस्ट ने दलील दी थी कि वह ऐसी सेवाएं प्रदान कर रहा है, जो बीमारियों के इलाज के लिए है और इन पर सर्विस टैक्स नहीं लगता। बाबा रामदेव पतंजलि को लेकर भ्रामक विज्ञापन मामले में भी फंसे हुए हैं। इस मामले में वे कोर्ट में कई बार माफी मांग चुके हैं, जिन्हें कोर्ट ने खारिज कर दिया है। अब उन्हें सार्वजनिक माफी मांगने का आदेश दिया गया है।ये मामला सुप्रीम कोर्ट की रोक के बावजूद पतंजलि के भ्रामक विज्ञापन प्रकाशित करने से जुड़ा है, जिस पर 23 अप्रैल को अगली सुनवाई होगी। एलोपैथी पर दिए बयानों को लेकर भी रामदेव विवादों में हैं।





आमजन, गरीब-मज़लूमों पर होने वाले अत्याचार के विरुद्ध क्रांतिकारी पत्रकारिता का नाम है भारत सम्मान, जब शासन-सत्ता में बैठे ऐसे लोग जो पद-पावर के नशे में चूर होकर करते हैं अपने कर्तव्यपालन में चूक तो भारत सम्मान करता है उन्हें दुरुस्त...

2011 से भारत सम्मान आगे बढ़ रहा है और मिसाल क़ायम कर रहा है ईमानदार पत्रकारिता की..

भारत सम्मान दैनिक समाचार पत्र के साथ-साथ वेबसाईट - www.bharatsamman.com, फेसबुक पेज - Bharat Samman व यू-ट्यूब - Bharat Samman News के माध्यम से जनहित के खबरों को प्राथमिकता देते हैं। हमारा दावा है यदि आप पर ज़ुल्म हुआ है, आप न्याय के लिए कर रहे हैं संघर्ष तो केवल एक ही नाम आपको याद होना चाहिए...

भारत सम्मान

इसी क्रांतिकारी मुहिम से निम्न जगहों पर जुड़ने के लिए सम्पर्क करें

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा, उत्तर प्रदेश, उतराखण्ड, बिहार, बंगाल व देश के सभी राज्यों में ब्यूरो व संवाददाता बनने संपर्क कर सकते हैं।

इन पदों में होंगे नियुक्त...

1 - राज्य ब्यूरो प्रमुख
2 - राज्य अपराध ब्यूरो प्रमुख
3 - जिला ब्यूरो प्रमुख
4 - जिला अपराध ब्यूरो प्रमुख
5 - तहसील संवाददाता
6 - तहसील अपराध संवाददाता

अपना फोटो लगा बायोडाटा हमारी ई-मेल आईडी bharatsammannews@gmail.com या व्हाट्सएप No. 09303890212 पर भेजे।

नोट

1. केवल ईमानदार लोग ही संपर्क करें, पत्रकारिता के नाम पर वसूली करने अथवा ब्लैकमेल करने वालों से हमारा कोई वास्ता नहीं
2. यहां नौकरी नहीं दी जाती है, यदि हमारे संस्था के नाम का गलत इस्तेमाल करता है, तो हमारे द्वारा जारी नंबर पर शिकायत जरूर करें।

प्रसार/प्रबंध
सम्पादक
भारत सम्मान न्यूज नेटवर्क
094242 62547
09303890212

RNI No. CHHHIN/2011/38292

भारत सम्मान NEWS



## संपादकीय

### जनता निर्णय लेगी

ताजा सर्वेक्षण बताते हैं कि इस बार के आम चुनाव में बेरोजगारी, महंगाई और विकास प्रमुख मुद्दे के रूप में हावी रहने वाले हैं। ये मुद्दे मतदाताओं के लिए अपना सांसद चुनने में काम में आएंगे। पिछले पांच साल में देश की हालत में कितना सुधार हुआ और जनता के कल्याण के लिए केंद्र और राज्य सरकारों ने जनता की बेहतरी के लिए कितनी जिम्मेदारी से कार्य किए, यह भी मतदाताओं पर असर डालेगा। इसी तरह 2019 में एनडीए सरकार ने किन घोषणाओं या वादों को पूरा किया और कौन-सी घोषणाएं एनडीए की केंद्र और राज्यों में उसकी सरकारें पूरा करने में नाकाम रहीं, इस बार के आम चुनाव में जनता द्वारा उन सारे मुद्दों पर गौर करके मतदान करने की बात ताजा सर्वेक्षण में सामने आई है। ताजा सर्वेक्षण के मुताबिक नौकरी और बेरोजगारी का मुद्दा लोगों के लिए सबसे अहम रहने वाला है। तमाम ऐसे लोगों की राय है कि अर्थव्यवस्था पर राज्य और केंद्र सरकार को सबसे ज्यादा गौर करने की जरूरत है क्योंकि गैर-बराबरी बढ़ी है। वहीं पर सर्वेक्षण में महिलाओं को रोजगार के अवसर कम होने की शिकायत भी है। बेरोजगारी के अलावा महंगाई का मुद्दा सबसे अहम है। रोजमर्रा की वस्तुओं में बढ़ोतरी से भी आम लोगों में खासी नाराजगी है खासकर गरीब, ग्रामीण और मजदूरी करके परिवार पालने वाले मजदूरों में। निम्न मध्यम और मध्यम वर्ग की भी महंगाई को लेकर सबसे ज्यादा शिकायत है। उज्ज्वला और मुफ्त राशन योजना से भारत का निम्न वर्ग राहत महसूस कर रहा है। गौरतलब है कि भाजपा के नये चुनाव घोषणापत्र में गरीबों को मुफ्त राशन की योजना को अगले पांच साल और बढ़ा दिया गया है। निश्चित ही इसका असर चुनाव परिणाम में दिखाई देगा क्योंकि 2019 में निम्न और माध्यम वर्ग ने केंद्र की मुफ्त राशन योजना को पसंद किया था। आयुष्मान योजना को विस्तार देते हुए गरीबों के अलावा सत्तर साल के बुजुगरे को भी इसका लाभ देने की बात जरूर नई है, इससे करोड़ों बुजुगरे को फायदा मिलेगा। इसी तरह पिछले पांच सालों में विकास की अहमियत को 48 प्रतिशत जनता ने स्वीकार किया। सबसे दिलचस्प राय भ्रष्टाचार को लेकर लोगों में देखने को मिली। महज 8 प्रतिशत लोगों ने भ्रष्टाचार को तवज्जो दी यानी 92 प्रतिशत लोगों ने भ्रष्टाचार को कोई खास तवज्जो ही नहीं दी, जबकि दस साल पहले भ्रष्टाचार सबसे गंभीर मुद्दा हुआ करता था। उस समय देश में बेरोजगारी की दर 5 प्रतिशत के आसपास थी, लेकिन अब यह 6.8 प्रतिशत के आसपास है। पिछले चुनाव में बेरोजगारी को लेकर लोग इतने आक्रामक नहीं थे जितने आज हैं। भाजपा के सामने सबसे बड़ी चुनौती बेरोजगारी, महंगाई और लगातार कीमतों में बढ़ोतरी है। महंगाई में कुछ कमी आई है, लेकिन पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतों को भी व्यावहारिक बनाना होगा। इसी तरह करोड़ों गरीबों को शौचालय, सूर्य घर योजना से 300 यूनिट मुफ्त बिजली के अलावा स्टार्टअप के जरिए रोजगार देने की कवायद की गई। फिर भी नौकरी और बेरोजगारी का मुद्दा इस चुनाव में छा गया है, इसके पहले इस पर लोग इतने उग्र नहीं थे। इसलिए कोई भी गठबंधन सत्ता में आए उसके सामने करोड़ों युवाओं को रोजगार देने और महंगाई को कम और स्थिर बनाए रखने की चुनौती तो होगी ही। भाजपा का घोषणापत्र प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जारी करते हुए कहा कि उन्हें यदि पांच साल और मिलते हैं तो वे भारत को दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था वाला देश बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे, लेकिन पिछले दस वर्षो में देश में कई स्तरों पर बदलाव आए हैं। करोड़ों नये युवा मतदाता इस बार के चुनाव में अपने मत का इस्तेमाल करेंगे। इनका भरोसा जीतना चुनौती ही है। वे रोजगार चाहते हैं, और देश को आगे बढ़ता हुआ भी देखना चाहते हैं। केंद्र में सरकार बनाने वाले गठबंधन को इन युवा मतदाओं की चाहत को हर हाल में पूरा करना ही होगा। इसी तरह महिलाएं भी सुरक्षा के साथ नौकरी भी चाहती हैं। वे आगे बढ़ना चाहती हैं और इसमें केंद्र सरकार से अपनी बेहतरी के लिए उम्मीद भी लगाए हुए हैं। इसलिए भाजपा नीत एनडीए गठबंधन और कांग्रेस का 'इंडिया' गठबंधन, दोनों ही महिलाओं के आर्थिक हालात मजबूत करने की बात अपनी चुनावी घोषणाओं में करते दिखते हैं। बेशक, देश की साख दुनिया में पहले से बेहतर हुई है। कश्मीर मुद्दा भी एक झटके में हल कर लिया गया है। मुस्लिम महिलाओं को तीन तलाक जैसे जघन्य कानून को खत्म कर दिया गया। अंग्रेजी शासन की गुलामी के तमाम प्रतीकों को बनाए रखने वाले कानूनों को खत्म या बदल दिया गया। यह आजादी के बाद 'मोदी है तो मुमकिन है' के तहत किया गया। इसी तरह से नई शिक्षा नीति 2019-20 में लागू की गई। इससे शिक्षा के क्षेत्र में एक क्रांति के रूप में देखा गया। इसी तरह विदेश नीति का मूल्यांकन करने वालों का मानना है कि आजादी के बाद पहली बार है जब दुनिया के तमाम विकसित देश भी भारत के सामने नतमस्तक हुए। जी-20 की अध्यक्षता, हिन्दी, उर्दू और बंगला को संयुक्त राष्ट्र संघ में प्रायोगिक भाषा के रूप में मान्यता मिलने, भारतीय भाषाओं को अंग्रेजी से ज्यादा महत्त्व दिलाने और चीन के आगे सीना तान के खड़े होने और रूस-यूक्रेन युद्ध में परोक्ष मध्यस्थता करने जैसी तमाम उपलब्धियां भारत की विदेश नीति का हिस्सा रही हैं। ये उपलब्धियां केंद्र सरकार की बेहतर और व्यावहारिक विदेश नीति का हिस्सा रही हैं। इसी तरह आतंकवाद से मुक्त भारत की छवि पहली बार पिछले दस वर्षो में दुनिया में चर्चा का विषय रही। पौराणिक और पर्यटक स्थलों को विकसित करने पर विशेष जोर दिया गया। नये एम्स और आईआईएम जैसे संस्थानों को खोलने पर जिस तरह केंद्र सरकार ने अहमियत दी, उसका ही परिणाम है कि आज सेहत और शिक्षा के क्षेत्र में क्रांति दिखाई देने लगी है। इस तरह चुनाव में महज बेरोजगारी और महंगाई के मुद्दे को विपक्ष द्वारा हवा देना न्याय संगत नहीं कहा जा सकता। फिर भी चुनाव की हलचल में कौन मुद्दे असरदायक होंगे और कौन-सी उपलब्धियों को जनता अहमियत देती है, यह तो परिणाम आने पर पता चलेगा, लेकिन जनता इस समय निर्णायक की भूमिका में है, जो निर्णय लेगी अपना अच्छा-बुरा समझ कर ही लेगी।

# बंगुरसिया जंगल में लगी भीषण आग

## शिकायत के बावजूद वन विभाग आग बुझाने नही कर रहा पहल



**रायगढ़।** बीते दो-तीन दिनों से रायगढ़ जिले के बंगुसिया के बास जंगल में आग लगी हुई है ग्रामीणों के बार-बार सूचना देने के बाद भी वन विभाग के द्वारा अब तक आग बुझा बुझाए नहीं जा सका है। ऐसा नहीं है कि रायगढ़ जिले के केवल बंगुरसिया के जंगल में ही आग लगी हुई है बल्कि धर्मजयगढ़ वन मंडल के कई क्षेत्रों में आग की घटना सामने आ चुकी है।

मिली जानकारी के अनुसार रायगढ़ जिले के खरसिया, घरघोड़ा ,तमनार ,रायगढ़ के जंगलों में आए दिन आग लगने की घटना सामने आते रहती है, रायगढ़ जिले में वन विभाग के पास संसाधनों और कर्मचारी की कमी की वजह से आग सूचना मिलने के बाद भी आग काबू नहीं पाते हैं जिसकी वजह से सालाना हजारों एकड़ जंगल जलकर खाक हो जाते हैं, ऐसे में गांव के ग्रामीण अमित गुप्ता ने बताया कि बंगुरसिया जंगल में आग लगने की सूचना वन विभाग के अधिकारियों को दिया गया है लेकिन दो से तीन दिन गुजर गए हैं आग पर अब तक काबू नहीं पाया जा चुका है।

महुआ का सीजन शुरू होने के बाद जंगल में आग लगने की घटना लगातार सामने आते रहती है,रायगढ़ सेव फॉरेस्ट समिति के अध्यक्ष नरेश शर्मा का कहना है कि गर्मी का महीना शुरू होते ही जंगलों में आग लगना शुरू हो जाता है महुआ के सीजन होने की वजह से जंगल में अधिक आग लगते हैं, एक और जिले में जंगल काम होते जा रहे हैं वहीं दूसरी ओर सालाना जंगल में आग लगने की वजह से वन्य जीवों को भी नुकसान हो रहा है और हजारों पेड़ आग जलने की वजह से बर्बाद हो जाते हैं। पहले जिले में वन समिति का गठन हुआ करता था जिसमें ग्रामीण और सामाजिक लोगों को जोड़कर रखा जाता था और समिति जंगलों में होने वाले दुर्घटना को लेकर काम भी करती थी लेकिन बीते 5 सालों में समिति का गठन करना बंद कर दिया गया है।

## जांजगीर लोकसभा व्यय प्रेक्षक पवन कुमार ने सारंगढ़ में की बैठक



**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** जांजगीर लोकसभा के व्यय प्रेक्षक पवन कुमार ने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री धर्मेश कुमार साहू, सहायक रिटर्निंग अधिकारी सारंगढ़ श्री वासु जैन सहित जिले के व्यय अनुवीक्षण अधिकारियों के साथ बैठक किया। बैठक में सभी टीमों द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में व्यय प्रेक्षक श्री पवन कुमार को विस्तार से बताया गया। इसके साथ ही साथ जांजगीर लोकसभा के परिधि में सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के बिलाईगढ़ के साथ-साथ बलौदाबाजार भाटापारा जिले के कसडोल क्षेत्र भी आता है। बैठक के बाद श्री पवन कुमार ने सी-विजिल, एमसीएमसी टीम के कार्यों का अवलोकन किया। अन्त में व्यय प्रेक्षक ने जिले के व्यय टीम के साथ अलग से बैठक किया और अभ्यर्थियों के व्यय लेखा के संबंध में किए जा रहे कार्यों के संबंध में चर्चा किया। इस अवसर पर परियोजना निदेशक श्री हरिशंकर चौहान, डिप्टी कलेक्टर वर्षा बंसल, जिला कोषालय अधिकारी श्री चंद्रपाल सिंह ठाकुर, खाद्य अधिकारी श्री चित्रकांत ध्रुव, लाइजनिंग अधिकारी श्री शैलेन्द्र वर्मा, तहसीलदार श्री कमलेश सिदार, रूपाली मेश्राम, नोडल अधिकारी एमसीएमसी श्री देवराम यादव, मास्टर ट्रेनर चूडामणि गोस्वामी, जे.आर. बंजारे, निर्वाचन कार्यालय के कुंजबिहारी गहरे, अविनाश सिदार आदि उपस्थित थे।

## शराब दुकान के सुपरवाइजर से मारपीट, तीन पकड़ाए

**रायगढ़।** 19 अप्रैल की रात्रि 10 बजे थाना चक्रधरनगर क्षेत्र अंतर्गत आमंत्रण होटल के समीप विदेशी शराब दुकान का सुपरवाइजर चित्रकांत जायसवाल द्वारा दुकान को बंद किया जा रहा था। उसी समय तीन अज्ञात युवक आए और दुकान खोलो कहकर विवाद करने लगे और जबरदस्ती दुकान अंदर घुस गये। सुपरवाइजर चित्रकांत उन्हें बाहर करने लगा तो एक युवक शराब की बोतल से चित्रकांत के सिर में मारकर प्राण घातक चोट पहुंचा है और एक युवक तलवार लहराते हुए दुकान में मौजूद कर्मचारियों को धमकाया फिर तीनों वहां से भाग गये। घटना की सूचना मिलते ही तत्काल थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव आहेर अपने स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे। आहत चित्रकांत जायसवाल पिता मुरलीधर जायसवाल उम्र 30 साल निवासी निमधा थाना मरवाही जिला गौरेला पेंड्रा मरवाही हाल मुकाम संजय नगर बैंक कॉलोनी चक्रधरनगर रायगढ़ के रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध धारा 307, 452, 34 आईपीसी का अपराध कायम कर आहत का मेडिकल कराया गया जिसके पश्चात आहत और गवाहों से विस्तृत पूछताछ किया गया। आहत व गवाहों ने घटनाक्रम की जानकारी देते हुए मारपीट करने वाले लड़कों को चंद्रनगर कॉलोनी के रहने वाले संदेही-संजय सिंह, सूरज गुप्ता और पिंटू अग्रवाल होना बताए। तत्काल थाना प्रभारी चक्रधरनगर द्वारा वरिष्ठ अधिकारीगण के मार्गदर्शन पर अपने स्टाफ के साथ आरोपियों कि घर दबिश दिये। तीनों फरार थे जिन्हें मेडिकल कॉलेज के पास पतासाजी दौरान हिरासत में लिया गया। संदेही सूरज गुप्ता द्वारा सुपरवाइजर के सिर पर बोतल से चोट पहुंचाना और मौके पर संजय सिंह द्वारा तलवार लहराना स्वीकार किये। घटना में उनका साथी पिंकू अग्रवाल उनका सहयोग कर रहा था। आरोपी संजय सिंह राजपूत उर्फ ब्लेड के कब्जे से एक तलवार की जाति की गई है संदेहियों का पहचान कार्यवाही कराकर साक्ष्य अनुरूप प्रकरण में धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट जोड़कर आरोपी सूरज गुप्ता पिता मनोज गुप्ता उम्र 21 साल निवासी चंद्रनगर कॉलोनी चक्रधरनगर जिला रायगढ़,संजय सिंह राजपूत उर्फ ब्लेड पिता तुलेश्वर सिंह राजपूत उम्र 22 साल निवासी पंजरी प्लांट रायगढ़ , पिंकू अग्रवाल पिता सुरेश अग्रवाल निवासी चंद्र नगर कॉलोनी चक्रधर नगर जिला रायगढ़ को गिरफ्तार कर आज न्यायिक रिमांड पर पेश कर जेल दाखिल किया गया है। एसपी दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन एवं एडिशनल एसपी आकाश मरकाम व सीएसपी आकाश शुक्ला के मार्गदर्शन पर संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव आहेर, प्रधान आरक्षक सुमन चैहान, महेंद्र कर्ष, आरक्षक चुडामणी गुप्ता, नंद कुमार पैंकरा, कोमल तिवारी की अहम भूमिका रही है।

### तारमिस्त्री परीक्षा के लिए आवेदन 30 अप्रैल तक

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** विद्युत निरीक्षकालय के अंतर्गत संभागीय अनुज्ञापन समिति (विद्युत) रायगढ़ द्वारा तारमिस्त्री परीक्षा इस वर्ष माह-जुलाई में आयोजित की जाएगी। संबंधित जिले सारंगढ़-बिलाईगढ़, रायगढ़, जशपुर, सरगुजा, कोरिया, बलरामपुर, सूरजपुर, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के आवेदनकर्ता का योग्यता आठवी उत्तीर्ण और किसी भी नियोक्ता जिसके पास फैक्ट्री लाइसेंस हो, उनके अधीन दो वर्ष का कार्य करने का अनुभव होना चाहिए। परीक्षा हेतु कार्यालयीन अवधि में से निर्धारित आवेदन पत्र निःशुल्क प्राप्त कर सकते हैं। आवेदन पत्र कार्यालय कार्यपालन अभियंता (वि.सु.) एवं संभागीय विद्युत निरीक्षक, रायगढ़ दुर्गा चौक उत्तर चक्रधरनगर रायगढ़ में डाक द्वारा या सीधे 30 अप्रैल तक जमा कर सकते हैं।

## खनिज विभाग की छापामार कार्यवाही में 3 जेसीबी, 1 पोकलेन और 5 ट्रेक्टर जप्त



**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू के निर्देश व खनि अधिकारी श्री हीरादास भारद्वाज के मार्गदर्शन में खनिज विभाग की टीम द्वारा भटगांव क्षेत्र का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अवैध परिवहन में संलिप्त 03 ट्रैक्टर को जप्त कर सुपुर्दगी की कार्यवाही की गई। टीम द्वारा सरिया क्षेत्र में जांच के दौरान ग्राम पंचायत बोंदा के आश्रित ग्राम जोतपुर में उत्खनन करते पाये जाने पर मौके पर ही 03 जेसीबी, 01 पोकलेन मशीन सहित 02 ट्रैक्टर वाहन जप्त कर आगामी कार्यवाही तक के लिए सरपंच ग्राम पंचायत कटंगपाली के सुपुर्दगी में रखा गया है। यह कार्यवाही छ्त्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 एवम् ख़ान एवं खनिज विकास आधिनियम 1957 की धारा 21 के तहत की गई है। खनिज जांच टीम में दीपक पटेल, अनुराग नंद सहित पुलिस बल शामिल थे।

# धान खरीदी में 4 करोड़ के घोटालेबाज अभी तक फरार!




**बसना।** किसानों से खरीदे धान, बारदाना के रखरखाव व भंडारण में 4 करोड़ 44 लाख 65 हजार 510 रुपए का घोटाला करने वाले 7 आरोपियों को पुलिस अब तक ढूंढ नहीं पाई है। 20 दिन पहले न्यायालय के आदेश पर इन आरोपियों के खिलाफ बसना पुलिस ने एफआईआर किया था। फरार.आरोपियों को छत्तीसगढ़ से बाहर भाग जाने की बात कही जा रही है। पुलिस अब तक आरोपियों को ट्रेस.नहीं कर पाई है। इस मामले में सहकारिता विभाग के अधिकारी समेत समिति के प्रबंधक व अन्य शामिल है। बसना पुलिस ने पिरदा सहकारी समिति में साल 2021 को हुई गड़बड़ी की शिकायत पर धारा 153, 3 के तहत मामला पंजीबद्ध किया है जानकारी के अनुसार यह मामला 2020-21 का है। तत्कालीन समिति पदाधिकारियों ने धान खरीदी,भंडारण व बारदाना में अनियमितता बरती थी। इस मामले की शिकायत पर विभागीय जांच की गई, जिसमें आरोपियों पर लगे सभी आरोप सही साबित हुए थे। इसके बाद आरोपियों के खिलाफ न्यायालय में परिवाद दायर किया गया। तब जाकर न्यायालय के आदेश पर आरोपियों के खिलाफ अपराध कायम किया गया था। सहकारिता विभाग ने की जांच तब हुआ खुलासा यह खुलासा तब हुआ जब शिकायत पर सहकारिता विभाग ने जांच शुरू की। अंकेक्षण अधिकारी एवं प्रभारी जांच अधिकारी डीडी जोगांश की दो सदस्यीय समिति ने अपनी जांच रिपोर्ट पेश की। विभागीय जांच में इतने बड़े आरोप के सिद्ध होने के बाद भी आरोपियों के खिलाफ सिद्ध होने के बाद एफआईआर कराने में देरी की गई। आखिरकार दोषियों को सजा दिलाने के लिए परिवाद दायर किया गया। तब कही जाकर आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई।

# छत्तीसगढ़ में विकास की गंगा बहाएंगे - विष्णु देव साय

## कहा-हमारी नीति भी ठीक है, नियत भी ठीक है, पूरी कांग्रेस पार्टी शराब के पैसे से चली, राजनांदगांव में फिर से संतोष पांडेय को जिताना है

**रायपुर/पंडरिया।** कांग्रेस मुद्दाविहीन हो चुकी है इसलिए जनता को अलग-अलग मुद्दों पर भरमा रही है, तरह-तरह के षड़यंत्र कर रही है। लेकिन मैं आप सभी को आश्वस्त करने आया हूँ कि हताश और निराश हो चुकी कांग्रेसियों के इस बहकावे में बिल्कुल मत आइये। आरक्षण कभी खत्म नहीं होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और गृह मंत्री अमित शाह ने भी कहा है - आरक्षण कभी खत्म नहीं होगा। जब तक छत्तीसगढ़ में हमारी सरकार है महतारी वंदन योजना भी बंद नहीं होगी। महिलाओं को निरंतर इसका लाभ मिलता रहेगा। कवर्धा के कोदवागोडान, पंडरिया में आयोजित विशाल जनसभा में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने ये बातें कही।

श्री साय ने कहा कि कांग्रेसी जगह-जगह फार्म भरवा कर जनता को ठग रहे हैं कि उनकी सरकार बनी तो महिलाओं को हर महीने 8 हजार और साल में एक लाख देंगे। लेकिन ऐसा बिल्कुल भी नहीं होने वाला है। श्री साय ने कहा कि प्रदेश की जनता ने पहले ही छत्तीसगढ़ की सत्ता भाजपा को सौंप दी है और केंद्र में कांग्रेस के आने की कोई संभावना ही नहीं है। ये सब जानते हुए भी कांग्रेसी जनता को ठगने का नया पैंतरा ले कर आए हैं, जिसका जनता करारा जवाब देगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस लबरा पार्टी है, ठगरा पार्टी है। कांग्रेस सरकार में 36 वादे में एक भी वादे ठीक से पूरे नहीं हुए। भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ अपराधगढ़ बन गया था, भ्रष्टाचार का गढ़ बन गया था। कांग्रेस ने शराब, कोयला, रेत, सरकारी जमीन, डीएमएफ की राशि सब में घोटाला किया। प्रदेश को लूट-लूट कर कंगाल बना दिया। नरवा गरवा घुरवा बारी में घोटाला करके गोबर का पैसा भी खा गए। शराब के दो काउंटर थे, एक काउंटर का पैसा कांग्रेस सरकार को जाता था, दूसरे काउंटर का पैसा सोनिया-राहुल-प्रियंका के पास जाता था। पूरी कांग्रेस पार्टी छत्तीसगढ़ के शराब के पैसे से चली। तभी तो छत्तीसगढ़ की जनता ने 2023 में कांग्रेस को सरकार से आउट कर दिया।

उन्होंने कहा कि भूपेश बघेल की सरकार ने युवाओं को जुआ का लत लगा दिया। जो छत्तीसगढ़ के लिए शर्म की बात है।



उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासन में हुए घोटाले के आरोपी आज जेल की हवा खा रहे हैं। छः महीने से एक साल हो गए उनका जमानत नहीं हो रहा है। आज भी कई भ्रष्ट अधिकारी जेल गए हैं। ये सब उनके किये की सजा उनको मिल रही है। कांग्रेस को फिर से सबक सिखाना है, खाता खोलने भी नहीं देना है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने आजादी के बाद 55 से 60 वर्षों तक देश में राज किया। लेकिन आदिवासियों का कोई विकास नहीं किया। उसे केवल बंधुआ मजदूर समझा, वोट बैंक समझा। जबकि भाजपा ने आदिवासियों का भरपूर सम्मान किया, कर रही है और आगे भी करेगी। उन्होंने कहा कि हमारे छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता श्रद्धेय अटल जी ने आदिवासियों के हित के लिए अलग से आदिम जाति कल्याण मंत्रालय बनाया, जहाँ आदिवासी मंत्री पदभार संभालते हैं और बजट की कोई कमी नहीं होती है। अगर कांग्रेस आदिवासियों की चिंता करती तो पहले ही उनके लिए अलग से मंत्रालय का गठन कर देती, लेकिन नहीं किया। श्री साय ने कहा कि आज एक आदिवासी परिवार की बेटी, बहन द्रौपदी मुर्मू जी देश की राष्ट्रपति हैं। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री का दायित्व नरेंद्र मोदी जी ने मुझे सौंपा है। इसलिए हम कह सकते हैं कि आदिवासियों का हित भाजपा में ही सम्भव है। क्योंकि भाजपा में लोकतंत्र है, कार्यकर्ताओं का सम्मान है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि ये चुनाव देश के देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का चुनाव है। एक चायवाले, गरीब के बेटे मोदी जी 140 करोड़ देशवासियों के लिए दिन-रात काम करते हैं। 24 घंटे में 18 घंटे काम करते हैं। वो देश के गांव, गरीब, मजदूर, किसान सबकी चिंता करते हैं। मोदी जी ने सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास-सबका प्रयास को मूलमंत्र मानते हुए सबका विकास किया, सबको समृद्ध बनाया। उन्होंने पूरी दुनिया में भारत का मान-सम्मान बढ़ाया, भारत का डंका बजाया। उन्होंने कहा कि हमें विकसित भारत बनाना है इसलिए मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना जरूरी है। ये चुनाव मोदी जी के नेतृत्व में भारत 2029 तक दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिक शक्ति बने इसका चुनाव है। इसलिए आप सभी भाई संतोष पांडेय को पुनः सांसद बनाइये, ये आग्रह करने आया हूँ।

विष्णु देव साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ संसाधन से परिपूर्ण राज्य है। यहाँ लोहा, टिन, बाक्साइट, कोयला सब है। 100 प्रकार के वनोपज से भरपूर है। यहाँ की धरती-माटी उर्वरा शक्ति से भरपूर है। यहाँ के किसान मेहनतकश हैं। इसलिए आप सभी लोकसभा चुनाव में भाजपा को जिताएं। चुनाव के बाद प्रदेश में जनहित का सभी काम सांय-सांय होगा। क्योंकि हमारी नीति भी ठीक है, नियत भी ठीक है। हमारी सरकार प्रदेश में विकास की गंगा बहाएगी। इसके लिए आप सभी का आशीर्वाद मांगने आया हूँ।

श्री साय ने कहा कि जब से प्रदेश में हमारी सरकार बनी है हमने मोदी की गारंटी के सभी प्रमुख वादों को प्राथमिकता से पूरा किया। आज किसान, महतारी, आदिवासी सबका विकास हो रहा है। रामलला दर्शन योजना भी शुरू हो चुकी है। महतारी वंदन योजना के अंतर्गत हमने दो महीने का किश्त भी माताओं-बहनों को दिया है। उन्होंने कहा कि हर महीने के पहले सप्ताह में योजना की किश्त दे दी जाएगी, मैंने प्रदेश के वित्त मंत्री को 7 से 8 तारीख नहीं होने की बात कही है।

जनसभा में उप मुख्यमंत्री अरुण साव, पूज्य राजीव लोचन महाराज, विधायक गण भावना बोहरा, धरमजीत सिंह, जिलाध्यक्ष अशोक साहू, रामकुमार भट्ट, पूर्व विधायक सियाराम साहू, सीताराम साहू, समुंद बाई कुर्रे, रुपेश जैन, नंदलाल चंद्राकर सहित अन्य पदाधिकारी और स्थानीय जनप्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

# राहुल गांधी ने ट्रेन का वीडियो शेयर कर उठाए सवाल, लिखा- रेलवे का सफर बन गया सजा

**नई दिल्ली।** राहुल गांधी ने ट्रेनों में कष्टदायक यात्रा का वीडियो शेयर कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला किया है। राहुल गांधी ने अपने एक्स हैंडल से एक ट्रेन का एक वीडियो शेयर करके लिखा कि आम आदमी जमीन पर और टॉयलेट में छिप कर यात्रा करने को मजबूर है। रेलवे का सफर सजा बनकर रह गया है। मोदी सरकार अपनी नीतियों से रेल को कमजोर कर अयोग्य साबित करना चाहती है, ताकि उसे अपने मित्रों को बेचने का बहाना मिल सके।

बता दें कि इन दिनों ट्रेनों में लगातार अव्यवस्था की खबरें आ रही है। ट्रेनों में अव्यवस्था का वीडियो लगातार सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। ये अव्यवस्था एसी कोचों में भी है। गर्मी में इससे यात्रियों को काफी परेशानी सामना करना पड़ रहा है। इसे लेकर राहुल गांधी ने रविवार को अपने सोशल मीडिया एकाउंट एक्स पर ट्रेन का वीडियो शेयर कर पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए कई ज्वलंत सवाल उठाए हैं। वीडियो शेयर करते हुए राहुल ने लिखा कि- नरेंद्र मोदी के राज में 'रेल का सफर' सज़ा बन गया



है! आम आदमी की ट्रेनों से जनरल डिब्बे कम कर सिर्फ 'एलीट ट्रेनों' का प्रचार कर रही मोदी सरकार में हर वर्ग का यात्री प्रताड़ित हो रहा है। लोग कन्फर्म टिकट लेकर भी अपनी सीट पर चैन से बैठ नहीं पा रहे, आम आदमी ज़मीन पर और टॉयलेट में छिप कर यात्रा करने को मजबूर है। मोदी सरकार अपनी नीतियों से रेल को कमज़ोर कर 'अयोग्य' साबित करना चाहती है, ताकि उसे अपने मित्रों को बेचने का बहाना मिल सके। आम आदमी की सवारी को बचाना है तो रेलवे को बर्बाद करने में जुटी मोदी सरकार को हटाना होगा।

# पकड़ी गई महिला नक्सली मैंगो, पुलिस मुठभेड़ में पैर में गोली लगने से हुई थी घायल

**धमतरी।** ओडिशा पुलिस ने नबरंगपुर से एक महिला नक्सली को पकड़कर धमतरी पुलिस को सौंप दिया है. 12 अप्रैल को एकवारी के जंगल हुए पुलिस मुठभेड़ में शामिल महिला नक्सली के पैर में गोली लगी थी, जिसका वह अस्पताल में इलाज करा रही थी। ओडिशा पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, शनिवार की सुबह पुलिस एसओजी और सीआरपीएफ कुंदई की संयुक्त टीम नक्सल विरोधी सर्च आभियान पर निकली थी, उसी दौरान पुलिस पार्टी को एकावारी में एक घायल महिला नक्सली मिली. महिला नक्सली की पहचान मैंगो नुरेटी उर्फ सिंधु (25 वर्ष) के तौर पर की गई है. ओडिशा पुलिस को पूछताछ में पता चला है कि धमतरी के बोराई थाना इलाक़े के



एकावरी जंगल में बीते 12 अप्रैल को जवानों और नक्सलियों के बीच हुए मुठभेड़ वही शामिल थी. मैंगो 2021 से सीतानदी एरिया कमेटी के साथ दीपक मंडावी उर्फ अरुण के नेतृत्व में काम कर रही थी।

# पीएम मोदी पर कांग्रेस के बनाए वीडियो पर उप मुख्यमंत्री साव का कटाक्ष

## कहा- भ्रम फैलाना, झूठ बोलना कांग्रेस की नियति

**रायपुर।** कांग्रेस के सोशल मीडिया में पीएम मोदी के वीडियो में वाशिंग पाउडर का गाना लगाने पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि भ्रम फैलाना, झूठ बोलना कांग्रेस की नियति है. कांग्रेस मुद्दा विहीन पार्टी है. इन्होंने पीएम मोदी पर व्यक्तिगत हमले किए हैं. ये बताता है कि कांग्रेस किस स्तर तक नीचे जा सकती है. लोकसभा के चुनाव में कांग्रेस की स्थिति ऐसी होगी कि उन्हे नेता प्रतिपक्ष भी नहीं मिलेगा।




प्रियंका गांधी की सभाओं को लेकर उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि कांग्रेस में भगदड़ मची है. बड़ी संख्या में लोग कांग्रेस पार्टी छोड़कर जा रहे हैं. छत्तीसगढ़ में उनकी संख्या ज्यादा है. कांग्रेस समाप्ति की ओर है. उन्होंने कहा कि कांग्रेस झूठा वादा कर सरकार में आती है. कांग्रेस एक परिवार की पार्टी है, जिसे देश-प्रदेश से मतलब नहीं है। वहीं प्रियंका गांधी और योगी आदित्यनाथ की राजनांदगाँव में होने पर डिप्टी सीएम अरुण साव ने कहा कि योगी जी ने उत्तरप्रदेश को आगे बढ़ाया. वे राष्ट्रवाद का झंडा लेकर चलते हैं. जनता उन्हें सुनना चाहती है. प्रियंका के आने से कोई फर्क नहीं पड़ेगा। भाजपा के बड़े नेताओं के छत्तीसगढ़ दौरे का जिक्र करते हुए डिप्टी सीएम अरुण साव ने बताया कि यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ की सभाएं हैं. देश के गृहमंत्री अमित शाह भी शाम को आएंगे. मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सभाएं हैं, मेरी भी सभाएं हैं. उसके बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की सभा की तैयारियों का जायजा लेने जाना है। केंद्रीय गृहमंत्री के दौरे और उनके द्वारा ली जाने वाली बैठक पर साव ने कहा कि चुनाव की तैयारियों पर चर्चा करेंगे. छत्तीसगढ़ में चुनाव का वातावरण बना हुआ है. पीएम मोदी भी आएंगे. गृहमंत्री की भी सभा है. पूरा संगठन चुनाव अभियान में जुटा है. छत्तीसगढ़ की 11 सीटों पर बीजेपी जीत हासिल करेगी।

# दो दिनों के छत्तीसगढ़ दौरे पर आ रहे पीएम मोदी

**रायपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2 दिवसीय छत्तीसगढ़ के दौरे पर आने वाले है. वे 23 और 24 अप्रैल को छत्तीसगढ़ में रहेंगे। छत्तीसगढ़ में अब दूसरे चरण का लोकसभा चुनाव होना है. 26 अप्रैल को राजनांदगांव, कांकेर और महासमुंद लोकसभा सीटों के लिए चुनाव कराये जाएंगे. अब दूसरे चरण के लिए बीजेपी के स्टार प्रचारकों का छत्तीसगढ़ दौरा हो रहा है. इस क्रम में पीएम नरेंद्र मोदी 23 अप्रैल को सुबह में जांजगीर-चांपा में पीएम मोदी चुनावी सभा लेंगे. इसके बाद दोपहर में धमतरी में सभा लेंगे. वहीं 24 अप्रैल को सुबह 10 अंबिकापुर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बड़ी सभा होगी। धमतरी में होने वाले पीएम मोदी के दौरे को लेकर कार्यकर्ता काफी उत्साहित



हैं. जिले के श्यामतराई में विशाल डोम पीएम की सभा के लिए तैयार किया जा रहा है. पार्किंग, हेलीपैड समेत तमाम तरह की तैयारियां की जा रही है। भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा लगभग 1 लाख की संख्या में भीड़ इकट्ठा करने के लक्ष्य रखा गया है. पीएम मोदी का यह धमतरी में दूसरी बार आगमन है. इससे पहले साल 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एकलव्य खेल मैदान में जनसभा को संबोधित किया था.

# योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस पर साधा जमकर निशाना
## कहा- नक्सलियों के साथ कांग्रेस का था आंतरिक समझौता

कोरबा। कोरबा में भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडेय के पक्ष में प्रचार करने पहुंचे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने नक्सलियों के साथ कांग्रेस के आंतरिक समझौता का आरोप लगाया। कांग्रेस के राज में जमकर कमीशनखोरी होती थी. भाजपा ने कांग्रेस की कमीशनखोरी को लगाम लगाने का काम किया है।



कोरबा के सीएसईबी ग्राउंड में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडेय, साय सरकार में कैबिनेट मंत्री लखनलाख देवांगन, पूर्व गृह मंत्री ननकीराम कंवर सहित भाजपा के तमाम पदाधिकारी मौजूद थे. कार्यक्रम में योगी आदित्यनाथ ने एक तरफ मोदी सरकार की तारीफ की, वहीं दूसरी ओर प्रदेश की पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश के अंदर 4 करोड़ गरीबों को एक-एक प्रधानमंत्री आवास का पक्का मकान मिला. उत्तर प्रदेश में हमने 56 लाख गरीबों के मकान बना दिए. लेकिन छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल की कांग्रेस सरकार ने एक भी गरीब का मकान नहीं बनाया. आज विष्णुदेव साय की सरकार ने कहा कि मोदी जी ने आश्वासन दिया है. 18 लाख गरीबों को एक-एक आवास उपलब्ध होने जा रहा है।

कांग्रेस सरकार ने घोटाले पर घोटाले किए. कोयला का घोटाला, शराब का घोटाला, पब्लिक सर्विस कमीशन का घोटाला. घोटाले तो घोटाले थे, गोबर में कांग्रेस ने यहां घोटाला कर दिया. भगवान को भी नहीं छोड़ा. महादेव एप के नाम पर भी घोटाला कर डाला. और तो और इनकी मति कैसे मारी गई थी. इनका दोहरा चरित्र तो देखो. जब राम मंदिर का आंदोलन चल रहा था, हम कहते थे राम लला हम आएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे. उस समय कांग्रेस के लोग सुप्रीम कोर्ट में क्या एफिडेविड दे रहे थे. कह रहे थे कि राम हुए ही नहीं।

और जब अयोध्या में मोदी के प्रयास से रामलला फिर से विराजमान हो गए तो अब कांग्रेस के लोग कह रहे हैं कि राम तो सबके हैं. क्या अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण कांग्रेस के लोग कर पाते क्या. क्या देश के अंदर सुरक्षा का माहौल बना है, कांग्रेस के लोग कर पाते क्या. गरीबों को राशन की सुविधा का लाभ कांग्रेस के लोग दे पाते क्या. न ये सुरक्षा दे सकते हैं, न सुशासन ला सकते हैं. न गरीब कल्याण का काम कर सकते हैं. न विकास की बड़ी परियोजनाओं को ला सकते हैं।

## बुलडोजर रैली निकालकर सीएम योगी का हुआ छत्तीसगढ़ में ऐसा स्वागत

**बिलासपुर।** यूपी के सीएम आदित्यनाथ योगी की बिलासपुर लोकसभा के बेलतरा विधानसभा क्षेत्र के बीआर यादव स्टेडियम बहतराई स्टेडियम में हो रही है. इससे पहले उनके स्वागत के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं ने बुलडोजर रैली निकाली. योगी बीजेपी प्रत्याशी तोखन साहू के पक्ष में प्रचार किया और सभा को संबोधित किया. सीएम योगी को सुनने बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ स्टेडियम में जमा हुई है. खास बात ये रही की सीएम आदित्यनाथ के स्वागत में बिलासपुर और बेलतरा के भाजपा कार्यकताओं ने शहर में बुलडोजर रैली निकाली. शहर के सरकंडा इलाके से रैली निकाली गई. 30 बुलडोजर को रैली के रूप में शहर भर में घुमाया गया. बुलडोजर यात्रा शहर के अलग-अलग इलाकों से होकर निकली. यात्रा के बाद सभी बुलडोजर को सभा स्थल में ले जाया गया.



### प्रियंका गांधी ने छत्तीसगढ़ में भरी हुंकार
## भाजपा पर जमकर बोला हमला, मोदी सरकार से पूछे ये तीखे सवाल

**बालोद।** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए अब चुनाव प्रचार तेज हो गया है। सभी पार्टियों के स्टार प्रचारकों ने कमान अपने हाथों में ले ली है। रविवार को प्रियंका गांधी छत्तीसगढ़ पहुंची। उन्होंने सबसे पहले बालोद में एक चुनावी सभा को संबोधित किया। प्रियंका ने कांकेर लोकसभा सीट के कांग्रेस प्रत्याशी बीरेश ठाकुर के पक्ष में वोट मांगा। इस दौरान प्रियंका ने केंद्र की मोदी सरकार के साथ-साथ छत्तीसगढ़ की साय सरकार पर जमकर निशाना साधा।

सभा को संबोधित करते हुए प्रियंका ने कहा कि चुनाव के मौके पर दो बहुत जरूरी मुद्दों को अपने मन में रखे। देश का भविष्य क्या होगा और आपकी मेहनत और संघर्ष की सुनवाई हो रही है या नहीं। बहनें समझती हैं महंगाई कितनी बढ़ गई है। बेरोजगारी आज कितनी बढ़ गई है, यह एक बड़ी समस्या है। किसान भी महंगाई से जूझ रहा है। पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ गए हैं। इन समस्याओं को छत्तीसगढ़ में जब कांग्रेस की सरकार थी, उसी सुलझाने की कोशिश कर रही थी। आदिवासियों को अपनी जमीन वापस दी गई। प्रियंका ने कहा, भाजपा के नेता कहते हैं कि हमें 400 सीट दीजिए, हम संविधान बदल देंगे। भाजपा के नेता कहते हैं कि मोदी जी विश्व के सबसे बड़े नेता हैं, सबसे ताकतवर हैं। भाजपा यह बताएं कि मोदी जी ने महंगाई क्यों खत्म नहीं की। यह बताएं कि बेरोजगारी क्यों दूर नहीं की गई।



### सरकार की नीयत ठीक नहीं हैः प्रियंका

प्रियंका ने कहा कि यह सरकार किसके लिए चल रही है। यह स्पष्ट हो गया है यह सरकार मोदी जी के कुछ गिने-चुने उद्योगपतियों के लिए सरकार चल रही है। छत्तीसगढ़ में भी उद्योगपति को लाभ पहुंचाया जा रहा है। 16000 करोड़ का लोन माफ किया। इनके लिए कोयला, सार्वजनिक उपक्रम, बैंकों का पैसा लूटा दिया गया। किसान का बेटा क्या करेगा। मजदूर क्या करेगा। जीएसटी, नोटबंदी से लोगों को दलदल में डाल दिया गया। इस सरकार की नीयत ठीक नहीं है। कल मोदी आएंगे वहीं धूमधाम से आएंगे, बड़े-बड़े वादे करेंगे। आदिवासी संस्कृति की बात करेंगे। लेकिन सच्चाई पर नहीं उतरेंगे। महंगाई, बेरोजगारी पर बात नहीं करेंगे। क्या पिछले 10 सालों में सब कुछ ठीक हुआ। महंगाई बढ़ती गई, बेरोजगारी बढ़ती गई। धर्म का मतलब है सत्य। यदि मंच पर नेता आपसे झूठे वादे करें तो यह अधर्म है। कांग्रेस पार्टी गारंटी देती है उसे पूरा करती है।

## अनिल टूटेजा को कोर्ट लेकर पहुंची ईडी, शराब घोटाले मामले से जुड़ा है मामला

**रायपुर।** पूर्व आईएएस अनिल टूटेजा को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम कोर्ट लेकर पहुंची. जहां सिविल जज की कोर्ट में पेश किया है. बता दें कि शराब घोटाले मामले में अनिल टूटेजा को गिरफ्तार किया गया है. नई ईसीआईआर दर्ज होने के बाद तकड़े अनिल टूटेजा की गिरफ्तारी की गई है. वहीं कल लंबी पूछताछ के बाद अनिल टूटेजा के बेटे यश टूटेजा को देर रात छोड़ा गया था। मिली जानकारी के अनुसार, ईडी ने ईसीआईआर 4/2024 की विवेचना के संदर्भ में अनिल टुटेजा को गिरफ्तार किया है. ईडी की यह ईसीआईआर राज्य के कथित शराब घोटाला मामले हुए मनी लॉन्ड्रिंग को लेकर है. ईडी की इस ईसीआईआर का आधार छत्तीसगढ़ सरकार के एसीबी थाने में 17 जनवरी को दर्ज एफआईआर है, जिसमें प्रार्थी खुद ईडी है. ईडी ने अनिल टुटेजा को कथित शराब घोटाला मामले के होने के लिए सबसे प्रभावशाली भुमिका अदा करने वाला व्यक्ति माना है. प्रवर्तन निदेशालय ने अनिल टुटेजा को गिरफ्तार करने के लिए पांच कारण बताए हैं।



### अनिल टुटेजा की गिरफ्तारी के पांच कारण

ईडी ने अनिल टुटेजा की गिरफ्तारी की पांच वजह बताई है. जो इस प्रकार हैं. 1. साक्ष्यों को नष्ट होने से बचाना 2. इस अपराध में शामिल अन्य लोगों/आरोपियों से आमने सामने पूछताछ करना 3. अपराध से अर्जित आय का पता करना 4. गवाहों को प्रभावित करने से रोकना 5. सिंडिकेट में शामिल अन्य लोगों की पहचान करना.

### सोलह पन्नों में है गिरफ्तारी का ब्यौरा


प्रवर्तन निदेशालय ने करीब सोलह पन्नों में गिरफ्तारी के आधार के रूप में कथित शराब घोटाला में अपराध क्या था, अपराध कैसे हुआ और उसमें अनिल टुटेजा की भूमिका क्या है. ये सारी बातें बताई गई है. ईडी ने इसमें यह आरोप लगाया है कि अनवर ढेबर जिसने कि यह कथित शराब घोटाला सिंडिकेट बनाकर किया. उस सिंडिकेट को सबसे बड़ी ताकत अनिल टुटेजा से मिलती थी. प्रवर्तन निदेशालय ने अनिल टुटेजा को कथित शराब घोटाला सिंडिकेट का 'आर्किटेक्ट ऑफ लिकर स्कैम' बताया है. ईडी के अनुसार अनिल टुटेजा इस सिंडिकेट के सर्वोच्च शक्ति और नीति नियंत्रक थे।

## प्रियंका गांधी के दौरे पर भाजपा का कार्टून अटैक, 'लूटकर बिछाया था फुल, अब वही बन गए हैं शूल'




**रायपुर।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा का कांग्रेस पर कार्टून वॉर जारी है. अबकी बार प्रियंका गांधी के छत्तीसगढ़ को प्रवास को ध्यान में रखते हुए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ कार्टून जारी किया गया है। छत्तीसगढ़ भाजपा की ओर से जारी कार्टून में प्रियंका गांधी के पिछली बार छत्तीसगढ़ में आगमन पर स्वागत के लिए सड़क पर बिछाए गए गुलाब का जिक्र किया है, जिसमें अब केवल कांटे ही रह गए हैं. कांटे के तौर पर कोयला घोटाला, शराब घोटाला, शराब घोटाला, और अन्य घोटालों को दर्शाया गया है।

अपना खुद का न्यूज पोर्टल बनवाएं
पूर्ण Registration के साथ
+91 9303890212



स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक जितेन्द्र जायसवाल द्वारा जायसवाल प्रिंटिंग प्रेस राघवपुरी, डीगमा, अम्बिकापुर, छत्तीसगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। संपादक जितेन्द्र जायसवाल। मो.नं.-09424262547